Hindi
Sevenfold Glory of Jesus Christ
TCA-048SEV

यीशु मसीह की सात गुना महिमा

विलियम मेरियन ब्रन्हम

Hindi
Sevenfold Glory of Jesus Christ
TCA-048SEV

यीशु मसीह की सात गुना महिमा

विलियम मेरियन ब्रन्हम

परिचय

विलियम ब्रन्हम के द्वारा प्रचार किए गए १,१०० के ऊपर उपदेशों का ऑडियो और लिखित संस्करणे अनेक भाषाओं में डाउनलोड और छपने के लिए उपलब्ध है।

इस काम को अनुकृति और वितरण किया जा सकता है जब तक कि इसका पूरी तरह से अनुकृति होता है, बिना संशोधित किये हुए, और निःशुल्क से वितरण किया जाता है।

परिचय

विलियम ब्रन्हम के द्वारा प्रचार किए गए १,१०० के ऊपर उपदेशों का ऑडियो और लिखित संस्करणे अनेक भाषाओं में डाउनलोड और छपने के लिए उपलब्ध है।

इस काम को अनुकृति और वितरण किया जा सकता है जब तक कि इसका पूरी तरह से अनुकृति होता है, बिना संशोधित किये हुए, और निःशुल्क से वितरण किया जाता है।

यीशु मसीह की सात गुना महिमा

प्रकाशितवाक्य 1:10,

".... और अपने पीछे तुरही का सा बड़ा शब्द यह कहते सुना।"

यूहन्ना आत्मा में था, और जब वह आत्मा में था; तो उसने प्रभु यीशु का महान और अद्भुत दिन तथा उसकी समस्त पवित्र सामर्थ देखीं। भविष्य का खुलासा होने वाला था, क्योंकि परमेश्वर ही उसे इसके विषय में सिखाने जा रहा था। यूहन्ना ने यह नहीं कहा था, कि यह एक तुरही थी। यह तो एक तुरही जैसा ही था। अब जब एक तुरही फूंकी जाती है, तो उसके विषय में एक अति आवश्यक बात होती है। यह एक अध्यादेश जैसा होता है जिसे महाराजा का सन्देशवाहक लोगों के पास ला रहा होता है। वह तुरही फूँकता है। यह एक अति आवश्यक बुलाहट होती है। लोग सुनने के लिए एकत्र होते हैं। (इस्राएल हमेशा ही तुरही के शब्द के द्वारा ही इकट्ठा हुआ था) कोई महत्वपूर्ण घटना अति निकट होती है। "इस पर कान लगाओ।" अतः इस शब्द में तुरही के शब्द जैसा ही एक अत्यन्त आवश्यक सन्देश था। यह बहुत ही जबरदस्त और स्पष्ट था; सनसनीखेज और जगा उठानेवाला था। ओह, ताकि यह हो कि हम परमेश्वर की आवाज़ सुन सकें जबकि इस दिन में तुरही का सा शब्द होता है, क्योंकि यह "सुसमाचार की ही तुरही" ही है जो "वचन की भविष्यवाणी का शब्द" फूँक रही है, कि हमें उससे अवगत कराये और हमें उसके लिए तैयार करे जो पृथ्वी के ऊपर आने वाला है।

एक किताब में लिखो

प्रकाशितवाक्य 1:11,

"वह कहता है, कि मैं ही अल्फा और ओमिगा हूँ; प्रथम और अन्तिम हूँ और जो कुछ तू देखता है, उसे पुस्तक में लिख कर सात कलीसियाओं के पास भेज दे, जो आसिया** (एशिया) **में है; अर्थात् इफिसुस, और स्मुरना, और पिरगुमन, और थूआतीरा, और सरदीस, और फिलदिलफिया, और लौदीकिया में।"

यही तो बात है। वही प्रथम और अन्तिम है, अल्फा और ओमिगा है; वही सब कुछ है। वही एक सच्चा परमेश्वर है। वही परमेश्वर का वचन और आवाज है। वास्तविकता और सच्चाई हमारे सामने है। आत्मा में होना क्या ही बड़ी बात है। परमेश्वर की उपस्थिति में होना और उससे सुनना क्या ही शानदार बात है..... "जो कुछ तू देखता है उसे एक पुस्तक में लिख ले, और उसे सात कलीसियाओ के पास भेज दे।" वह शब्द जिसने अदन की वाटिका में और

यीशु मसीह की सात गुना महिमा

प्रकाशितवाक्य 1:10,

".... और अपने पीछे तुरही का सा बड़ा शब्द यह कहते सुना।"

यूहन्ना आत्मा में था, और जब वह आत्मा में था; तो उसने प्रभु यीशु का महान और अद्भुत दिन तथा उसकी समस्त पवित्र सामर्थ देखीं। भविष्य का खुलासा होने वाला था, क्योंकि परमेश्वर ही उसे इसके विषय में सिखाने जा रहा था। यूहन्ना ने यह नहीं कहा था, कि यह एक तुरही थी। यह तो एक तुरही जैसा ही था। अब जब एक तुरही फूंकी जाती है, तो उसके विषय में एक अति आवश्यक बात होती है। यह एक अध्यादेश जैसा होता है जिसे महाराजा का सन्देशवाहक लोगों के पास ला रहा होता है। वह तुरही फूँकता है। यह एक अति आवश्यक बुलाहट होती है। लोग सुनने के लिए एकत्र होते हैं। (इस्राएल हमेशा ही तुरही के शब्द के द्वारा ही इकट्ठा हुआ था) कोई महत्वपूर्ण घटना अति निकट होती है। "इस पर कान लगाओ।" अतः इस शब्द में तुरही के शब्द जैसा ही एक अत्यन्त आवश्यक सन्देश था। यह बहुत ही जबरदस्त और स्पष्ट था; सनसनीखेज और जगा उठानेवाला था। ओह, ताकि यह हो कि हम परमेश्वर की आवाज़ सुन सकें जबकि इस दिन में तुरही का सा शब्द होता है, क्योंकि यह "सुसमाचार की ही तुरही" ही है जो "वचन की भविष्यवाणी का शब्द" फूँक रही है, कि हमें उससे अवगत कराये और हमें उसके लिए तैयार करे जो पृथ्वी के ऊपर आने वाला है।

एक किताब में लिखो

प्रकाशितवाक्य 1:11,

"वह कहता है, कि मैं ही अल्फा और ओमिगा हूँ; प्रथम और अन्तिम हूँ और जो कुछ तू देखता है, उसे पुस्तक में लिख कर सात कलीसियाओं के पास भेज दे, जो आसिया** (एशिया) **में है; अर्थात् इफिसुस, और स्मुरना, और पिरगुमन, और थूआतीरा, और सरदीस, और फिलदिलफिया, और लौदीकिया में।"

यही तो बात है। वही प्रथम और अन्तिम है, अल्फा और ओमिगा है; वही सब कुछ है। वही एक सच्चा परमेश्वर है। वही परमेश्वर का वचन और आवाज है। वास्तविकता और सच्चाई हमारे सामने है। आत्मा में होना क्या ही बड़ी बात है। परमेश्वर की उपस्थिति में होना और उससे सुनना क्या ही शानदार बात है..... "जो कुछ तू देखता है उसे एक पुस्तक में लिख ले, और उसे सात कलीसियाओ के पास भेज दे।" वह शब्द जिसने अदन की वाटिका में और

सीनै पर्वत पर अपना वचन बोला था, जो शब्द रूपान्तरण वाले पर्वत पर भी जबरदस्त तेज में सुनायी दिया था, एक बार फिर से अपनी आवाज कर रहा था; और इस बार यह शब्द यीशु मसीह के सम्पूर्ण और अन्तिम प्रकाशन सहित सात कलीसियाओ के लिए हो रहा था।

"यूहन्ना, इन दर्शनों को लिख डाल। इसे उन कालों के लिए जो आने वाले हैं एक लेखा-जोखा बना डाल, क्योंकि ये वे सच्ची भविष्यवाणियाँ हैं जो अवश्य ही घटित होनी चाहियें। उन्हें कलमबद्ध कर ले और उन्हें बाहर भेज दे, उन्हें अवगत करा डाल।' "

यूहन्ना ने उस शब्द को पहचान लिया था। ओह, यदि आप उसके निज जन हैं, तो आप उस शब्द को पहचान जायेंगे जब वह आपको बुलाता है।

सात सोने के दीवट

प्रकाशितवाक्य 1:12,

"और मैंने उस शब्द को जो मुझ से बोल रहा था, देखने के लिये अपना मुँह फेरा और पीछे घुमकर मैंने सोने की सात दीवटें देखीं।"

यूहन्ना यह नहीं कहता है, कि वह उसको जिसका कि वह शब्द सुनता था देखने के लिए पीछे मुड़ा, लेकिन वह तो शब्द को ही देखने के लिए मुड़ा था। ओह, मुझे यह अच्छा लगता है। वह उस शब्द को देखने के लिए ही मुड़ा था। वह शब्द और वह व्यक्ति एक और केवल एक ही हैं। यीशु ही वचन है। यूहन्ना 1:1-3,

"आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था।

यही आदि में परमेश्वर के साथ था।

सब कुछ उसी के द्वारा उत्पन्न हुआ और जो कुछ उत्पन्न हुआ है, उस में से कोई भी वस्तु उसके बिना उत्पन्न न हुई।"

यदि आप कभी इस स्थिति तक पहुँच सकते हैं, कि आप सचमुच में वचन को देख लें,तो आप यीशु को ही देख रहे होंगे।

जब यूहन्ना मुड़ा तो उसने सोने की सात दीवटें देखीं। सचमुच में तो वे चिरागदान ही थे। और बीस वें पद के अनुसार तो वे सात कलीसियाऐं हैं। "ये सात दीवटें (चिरागदान) जो तू देखता है सात कलीसियाएं हैं।" कलीसियाओं को प्रदर्शित करने के लिए वे बामुश्किल दीवटें ही हो सकती थीं। एक दीवट

रहे हैं।

परन्तु इस अध्याय पर एक अन्तिम समापन दृष्टि डालते हुए हम उसपर दृष्टि करें; जबकि वह वहाँ पर अपने दाहिने हाथ में सात तारे लिये हुए सात सोने की दीवटों के बीच खड़ा हुआ है। इस प्रकार उसे उसके परमेश्वर वाले सर्वोच्च स्वरूप में देखना सांस रोक देनेवाली बात है। वह न्यायाधीश, महायाजक, महाराजा, महा उकाब, मेमना, सिंह, अल्फा, ओमिगा, आदि और अन्त, पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा, वह जो था, वह जो है, वह जो आनेवाला है, सर्वशक्तिमान, **सब में सब कुछ** है। वही एक है जो रचियेता और समापन करनेवाला है। वह मेमना ही योग्य है! उसने हमारे उद्धार को अपने निज लोह से खरीद कर अपनी योग्यता साबित की है। अब वह अपनी सारी सामर्थ और अपनी सारी महिमा के साथ खड़ा हुआ है, और उसे सब कुछ एक न्यायाधीश के रूप में सौंप दिया गया है।

जी हाँ, वहाँ वह उन तारों को अपने हाथ में लिये हुए चिरागदानों के बीच खड़ा हुआ है। यह रात ही होती है जब हम उजियाले के लिए चिरागदानों का उपयोग करते हैं, और ऐसा तभी होता है जब तारे चमकते हुए होते हैं, और सूर्य के उजियाले को प्रतिबिम्बित कर रहे होते हैं। और तब अन्धियारा होता है। कलीसिया विश्वास के द्वारा ही अन्धियारे में चल रही है। उसका प्रभु इस पृथ्वी से जा चुका है, लेकिन पवित्र आत्मा अभी भी कलीसिया के द्वारा उजियाला कर रहा है, इस पापमय स्थापित जगत को उजियाला दे रहा है। और वे तारे भी उसी का ही उजियाला फैलाते हैं। एक मात्र उजियाला जो उनके पास है वह उसी का ही है। यह जगत कितना अन्धिकारमय है... यह आत्मिक रूप से कितना ठंडा है। फिर भी जब यह इसके मध्य में आता है तो उजियाला और गरमाहट हो जाती है, और कलीसिया सामर्थ से भर जाती है, और उसी के द्वारा उन कामों को करती है जोकि उसने किये थे।

ओह, काश हम यूहन्ना के जैसे ही उसकी एक झलक देख पाते। उस दिन जब हम उसके सामने खड़े होते हैं, तो हमें किस प्रकार का मनुष्य होना चाहिये!

यदि आप ने पहले ही उसे अपना जीवन अर्पित नहीं किया है, तो यह हो कि आप इसी क्षण अपना हृदय परमेश्वर की ओर फेरें, और ठीक वहीं पर ही घुटने हो जायें जहाँ कि आप हैं, और आप अपने पापों के लिए उस से क्षमा माँगें, और अपना जीवन उसे समर्पित कर डालें। तब हम एक साथ मिल कर सात कलीसियायी कालों का अध्ययन करने का प्रयास करेंगे; और जब कि हम ऐसा करते हैं, मैं प्रार्थना करता हूँ कि परमेश्वर इस अयोग्य सेवक की आप के ऊपर वचन को प्रकट करने में सहायता करेगा।

2 www.messagehub.info

सीनै पर्वत पर अपना वचन बोला था, जो शब्द रूपान्तरण वाले पर्वत पर भी जबरदस्त तेज में सुनायी दिया था, एक बार फिर से अपनी आवाज कर रहा था; और इस बार यह शब्द यीशु मसीह के सम्पूर्ण और अन्तिम प्रकाशन सहित सात कलीसियाओ के लिए हो रहा था।

"यूहन्ना, इन दर्शनों को लिख डाल। इसे उन कालों के लिए जो आने वाले हैं एक लेखा-जोखा बना डाल, क्योंकि ये वे सच्ची भविष्यवाणियाँ हैं जो अवश्य ही घटित होनी चाहियें। उन्हें कलमबद्ध कर ले और उन्हें बाहर भेज दे, उन्हें अवगत करा डाल।' "

यूहन्ना ने उस शब्द को पहचान लिया था। ओह, यदि आप उसके निज जन हैं, तो आप उस शब्द को पहचान जायेंगे जब वह आपको बुलाता है।

सात सोने के दीवट

प्रकाशितवाक्य 1:12,

"और मैंने उस शब्द को जो मुझ से बोल रहा था, देखने के लिये अपना मुँह फेरा और पीछे घुमकर मैंने सोने की सात दीवटें देखीं।"

यूहन्ना यह नहीं कहता है, कि वह उसको जिसका कि वह शब्द सुनता था देखने के लिए पीछे मुड़ा, लेकिन वह तो शब्द को ही देखने के लिए मुड़ा था। ओह, मुझे यह अच्छा लगता है। वह उस शब्द को देखने के लिए ही मुड़ा था। वह शब्द और वह व्यक्ति एक और केवल एक ही हैं। यीशु ही वचन है। यूहन्ना 1:1-3,

"आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था।

यही आदि में परमेश्वर के साथ था।

सब कुछ उसी के द्वारा उत्पन्न हुआ और जो कुछ उत्पन्न हुआ है, उस में से कोई भी वस्तु उसके बिना उत्पन्न न हुई।"

यदि आप कभी इस स्थिति तक पहुँच सकते हैं, कि आप सचमुच में वचन को देख लें,तो आप यीशु को ही देख रहे होंगे।

जब यूहन्ना मुड़ा तो उसने सोने की सात दीवटें देखीं। सचमुच में तो वे चिरागदान ही थे। और बीस वें पद के अनुसार तो वे सात कलीसियाऐं हैं। "ये सात दीवटें (चिरागदान) जो तू देखता है सात कलीसियाएं हैं।" कलीसियाओं को प्रदर्शित करने के लिए वे बामुश्किल दीवटें ही हो सकती थीं। एक दीवट

यीशु मसीह की सात गुना महिमा 23

रहे हैं।

परन्तु इस अध्याय पर एक अन्तिम समापन दृष्टि डालते हुए हम उसपर दृष्टि करें; जबकि वह वहाँ पर अपने दाहिने हाथ में सात तारे लिये हुए सात सोने की दीवटों के बीच खड़ा हुआ है। इस प्रकार उसे उसके परमेश्वर वाले सर्वोच्च स्वरूप में देखना सांस रोक देनेवाली बात है। वह न्यायाधीश, महायाजक, महाराजा, महा उकाब, मेमना, सिंह, अल्फा, ओमिगा, आदि और अन्त, पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा, वह जो था, वह जो है, वह जो आनेवाला है, सर्वशक्तिमान, **सब में सब कुछ** है। वही एक है जो रचियेता और समापन करनेवाला है। वह मेमना ही योग्य है! उसने हमारे उद्धार को अपने निज लोह से खरीद कर अपनी योग्यता साबित की है। अब वह अपनी सारी सामर्थ और अपनी सारी महिमा के साथ खड़ा हुआ है, और उसे सब कुछ एक न्यायाधीश के रूप में सौंप दिया गया है।

जी हाँ, वहाँ वह उन तारों को अपने हाथ में लिये हुए चिरागदानों के बीच खड़ा हुआ है। यह रात ही होती है जब हम उजियाले के लिए चिरागदानों का उपयोग करते हैं, और ऐसा तभी होता है जब तारे चमकते हुए होते हैं, और सूर्य के उजियाले को प्रतिबिम्बित कर रहे होते हैं। और तब अन्धियारा होता है। कलीसिया विश्वास के द्वारा ही अन्धियारे में चल रही है। उसका प्रभु इस पृथ्वी से जा चुका है, लेकिन पवित्र आत्मा अभी भी कलीसिया के द्वारा उजियाला कर रहा है, इस पापमय स्थापित जगत को उजियाला दे रहा है। और वे तारे भी उसी का ही उजियाला फैलाते हैं। एक मात्र उजियाला जो उनके पास है वह उसी का ही है। यह जगत कितना अन्धिकारमय है... यह आत्मिक रूप से कितना ठंडा है। फिर भी जब यह इसके मध्य में आता है तो उजियाला और गरमाहट हो जाती है, और कलीसिया सामर्थ से भर जाती है, और उसी के द्वारा उन कामों को करती है जोकि उसने किये थे।

ओह, काश हम यूहन्ना के जैसे ही उसकी एक झलक देख पाते। उस दिन जब हम उसके सामने खड़े होते हैं, तो हमें किस प्रकार का मनुष्य होना चाहिये!

यदि आप ने पहले ही उसे अपना जीवन अर्पित नहीं किया है, तो यह हो कि आप इसी क्षण अपना हृदय परमेश्वर की ओर फेरें, और ठीक वहीं पर ही घुटने हो जायें जहाँ कि आप हैं, और आप अपने पापों के लिए उस से क्षमा माँगें, और अपना जीवन उसे समर्पित कर डालें। तब हम एक साथ मिल कर सात कलीसियायी कालों का अध्ययन करने का प्रयास करेंगे; और जब कि हम ऐसा करते हैं, मैं प्रार्थना करता हूँ कि परमेश्वर इस अयोग्य सेवक की आप के ऊपर वचन को प्रकट करने में सहायता करेगा।

हो चुका है। यही कारण है, कि अब दण्ड की कोई आज्ञा नहीं है। कलीसिया को क्योंकर डरना चाहिये? कौन सी प्रतिज्ञा है जिसे वह हमारे समक्ष साक्षात् प्रकट करने में कभी विफल हुआ हो? अब यह दण्ड़ या मृत्यु से क्यों भयभीत हो? इस सब पर तो जय प्राप्त की जा चुकी है। यहाँ वह महा शक्तिशाली विजेता है। यहाँ वह है जिसने देखे और अनदेखे दोनों ही जगतों पर विजय पायी है। उसने सिकन्दर की तरह विजय नहीं पायी है, जिसने तैंतीस वर्ष की आयु में संसार को जीत तो लिया था और आगे क्या जीतना है उसे यह पता नहीं था; अत: वह पाप और बलवाई जीवन का शिकार होकर मरा। उसने नैपोलियन की तरह से विजय नहीं पायी, जिसने सारे यूरोप को तो जीत लिया था, पर अन्त में वह वॉटरलू पर पराजित हुआ, और अल्बा को भाग गया था, जहाँ उस पर जय पायी गयी। परन्तु मसीह को कोई भी नहीं जीत सकता। वह जो नीचे उतरा था वही अब सबसे ऊपर जा चढ़ा, और उसे एक नाम दिया गया है जो सब नामों में श्रेष्ठ है। जी हाँ, उस ने मृत्यु, अधोलोक, और कब्र पर जय पायी, और उसके पास ही उनकी कुंजियाँ हैं। जो कुछ वह खोलता है वह खोला जाता है, जो कुछ वह बान्धता है वह बान्धा जाता है। इसमें कोई परिवर्तन नहीं होता है। उसके तुल्य और उस के समान कोई भी विजेता नहीं है। केवल वही उद्धारकर्ता है, छुड़ानेवाला है। **केवल** वही परमेश्वर है और उसका नाम "प्रभु यीशु मसीह" है।

"हे यूहन्ना, मत डर। हे छोटे झुण्ड, मत डर। वह सब कुछ जो मैं हूँ, तू उसका उत्तराधिकारी है। मेरी सारी सामर्थ तेरी है। मैं जबकि तेरे मध्य में खड़ा हूँ मेरी सर्वसामर्थ तेरी है। मैं तेरे पास डर और असफलता लेकर नहीं आया हूँ, वरन मैं तो तेरे पास प्रेम और साहस, और सामर्थ ही लेकर आया हूँ। सारी सामर्थ मुझे ही दी गयी है, और यह तेरे ही उपयोग के लिये ही है। तू वचन बोल और मैं उसे कर दूंगा। यह मेरी वाचा है और यह विफल नहीं हो सकती है।"

सात सितारे और सात मोमबत्ती

प्रकाशितवाक्य 1:20

"अर्थात् उन सात तारों का भेद जिन्हें तू ने मेरे दाहिने हाथ में देखा था, और उन सात दीवटों (चिरागदानों) *का भेद यह है: वे सात तारे सातों कलीसियाओं के दूत (संदेशवाहक) हैं, और वे सात दीवट सात कलीसियाएं हैं।"*

हम पहले ही इन दो भेदों की सच्चाई ज्ञात कर चुके हैं। ओह, हमने इसका खुलासा नहीं किया है, कि ये सात सुसमाचारदूत कौन थे, लेकिन परमेश्वर की सहायता से हम इसका खुलासा करेंगे, और वह भेद पूरा हो जायेगा। सात काल तो हम जानते ही हैं। उनका उल्लेख तो वचन में पाया जाता है, और हम आगे उनमें से प्रत्येक काल का अध्ययन करते हुए इस काल तक पहुँचेंगे जिसमें कि हम रह

(मोमबत्ती) जलती तो है लेकिन थोड़ी देर के लिए ही; और फिर बुझ जाती है। वह मर खप जाती है। उसका कुछ भी शेष नहीं रहता है। परन्तु चिरागदानों में बहुत अधिक समय तक विधमान बने रहने का गुण होता है जो कि दीवटों (मोमबत्तियों) में नहीं पाया जाता है।

यदि आप चिरागदान का एक सुन्दर चित्रण देखना चाहते हैं, तो आप इसके विषय में जर्कयाह 4:1-6 में पढ़ें,

"फिर जो स्वर्गदूत मुझसे बातें करता था, उसने फिर से आकर मुझे ऐसा जगाया जैसा कोई नींद से जगाया जाये।

और उसने मुझसे पूछा, तुझे क्या देख पड़ता है? मैंने कहा एक दीवट (चिरागदान) *है जो सम्पूर्ण सोने की है और उसका कटोरा उसकी चोटी पर है, और उसपर उसके सात दीपक हैं जिनके ऊपर बत्ती के लिए सात नालियाँ हैं।*

और दीवट के पास जलपाई के दो वृक्ष हैं, एक कटोरे की दाहिनी ओर, और दूसरा उसकी बांयीं ओर।

तब मैंने उस दूत से जो मुझसे बातें करता था पूछा, हे मेरे प्रभु- यह क्या है?

जो दूत मुझसे बातें करता था उसने मुझ को उत्तर दिया, क्या तू नहीं जानता है? मैंने कहा, हे मेरे प्रभु, मैं नहीं जानता कि यह क्या है।

तब उसने उत्तर देकर कहा, जरूब्बाबेल के लिए यहोवा का यह वचन है; न तो बल से, और न शक्ति से, परन्तु मेरे आत्मा के द्वारा होगा, मुझ सेनाओं के यहोवा का यही वचन है।"

यहाँ पर शुद्ध सोने का एक और चिरागदान है; यह उज्जवल रीति से जल रहा है, क्योंकि उसमें बहुत अधिक मात्रा में तेल है जो उसे उन दोनों जलपाई (जैतून) के वृक्षों से मिल रहा है जो उसके इधर उधर हैं। वे दो वृक्ष नये नियम और पुराने नियम को दर्शाते हैं, और तेल यकीनन पवित्र आत्मा को ही दर्शाता है। और केवल वही लोगों को परमेश्वर का उजियाला दे सकता है। वह दूत जो जर्कयाह से बोल रहा था वह यही कह रहा था, "जो तू देखता है उसका अर्थ यही है, कि कलीसिया अपने बल व शक्ति से कुछ भी नहीं पा सकती और उसे सारी सामर्थ पवित्र आत्मा के द्वारा ही प्राप्त होगी।"

अब आप इस चिरागदान पर गौर करें। आप ध्यान देंगे, कि इसका एक बड़ा

22 www.messagehub.info

हो चुका है। यही कारण है, कि अब दण्ड की कोई आज्ञा नहीं है। कलीसिया को क्योंकर डरना चाहिये? कौन सी प्रतिज्ञा है जिसे वह हमारे समक्ष साक्षात् प्रकट करने में कभी विफल हुआ हो? अब यह दण्ड़ या मृत्यु से क्यों भयभीत हो? इस सब पर तो जय प्राप्त की जा चुकी है। यहाँ वह महा शक्तिशाली विजेता है। यहाँ वह है जिसने देखे और अनदेखे दोनों ही जगतों पर विजय पायी है। उसने सिकन्दर की तरह विजय नहीं पायी है, जिसने तैंतीस वर्ष की आयु में संसार को जीत तो लिया था और आगे क्या जीतना है उसे यह पता नहीं था; अत: वह पाप और बलवाई जीवन का शिकार होकर मरा। उसने नैपोलियन की तरह से विजय नहीं पायी, जिसने सारे यूरोप को तो जीत लिया था, पर अन्त में वह वॉटरलू पर पराजित हुआ, और अल्बा को भाग गया था, जहाँ उस पर जय पायी गयी। परन्तु मसीह को कोई भी नहीं जीत सकता। वह जो नीचे उतरा था वही अब सबसे ऊपर जा चढ़ा, और उसे एक नाम दिया गया है जो सब नामों में श्रेष्ठ है। जी हाँ, उस ने मृत्यु, अधोलोक, और कब्र पर जय पायी, और उसके पास ही उनकी कुंजियाँ हैं। जो कुछ वह खोलता है वह खोला जाता है, जो कुछ वह बान्धता है वह बान्धा जाता है। इसमें कोई परिवर्तन नहीं होता है। उसके तुल्य और उस के समान कोई भी विजेता नहीं है। केवल वही उद्धारकर्ता है, छुड़ानेवाला है। **केवल** वही परमेश्वर है और उसका नाम "प्रभु यीशु मसीह" है।

"हे यूहन्ना, मत डर। हे छोटे झुण्ड, मत डर। वह सब कुछ जो मैं हूँ, तू उसका उत्तराधिकारी है। मेरी सारी सामर्थ तेरी है। मैं जबकि तेरे मध्य में खड़ा हूँ मेरी सर्वसामर्थ तेरी है। मैं तेरे पास डर और असफलता लेकर नहीं आया हूँ, वरन मैं तो तेरे पास प्रेम और साहस, और सामर्थ ही लेकर आया हूँ। सारी सामर्थ मुझे ही दी गयी है, और यह तेरे ही उपयोग के लिये ही है। तू वचन बोल और मैं उसे कर दूंगा। यह मेरी वाचा है और यह विफल नहीं हो सकती है।"

सात सितारे और सात मोमबत्ती

प्रकाशितवाक्य 1:20

"अर्थात् उन सात तारों का भेद जिन्हें तू ने मेरे दाहिने हाथ में देखा था, और उन सात दीवटों (चिरागदानों) *का भेद यह है: वे सात तारे सातों कलीसियाओं के दूत (संदेशवाहक) हैं, और वे सात दीवट सात कलीसियाएं हैं।"*

हम पहले ही इन दो भेदों की सच्चाई ज्ञात कर चुके हैं। ओह, हमने इसका खुलासा नहीं किया है, कि ये सात सुसमाचारदूत कौन थे, लेकिन परमेश्वर की सहायता से हम इसका खुलासा करेंगे, और वह भेद पूरा हो जायेगा। सात काल तो हम जानते ही हैं। उनका उल्लेख तो वचन में पाया जाता है, और हम आगे उनमें से प्रत्येक काल का अध्ययन करते हुए इस काल तक पहुँचेंगे जिसमें कि हम रह

यीशु मसीह की सात गुना महिमा 3

(मोमबत्ती) जलती तो है लेकिन थोड़ी देर के लिए ही; और फिर बुझ जाती है। वह मर खप जाती है। उसका कुछ भी शेष नहीं रहता है। परन्तु चिरागदानों में बहुत अधिक समय तक विधमान बने रहने का गुण होता है जो कि दीवटों (मोमबत्तियों) में नहीं पाया जाता है।

यदि आप चिरागदान का एक सुन्दर चित्रण देखना चाहते हैं, तो आप इसके विषय में जर्कयाह 4:1-6 में पढ़ें,

"फिर जो स्वर्गदूत मुझसे बातें करता था, उसने फिर से आकर मुझे ऐसा जगाया जैसा कोई नींद से जगाया जाये।

और उसने मुझसे पूछा, तुझे क्या देख पड़ता है? मैंने कहा एक दीवट (चिरागदान) *है जो सम्पूर्ण सोने की है और उसका कटोरा उसकी चोटी पर है, और उसपर उसके सात दीपक हैं जिनके ऊपर बत्ती के लिए सात नालियाँ हैं।*

और दीवट के पास जलपाई के दो वृक्ष हैं, एक कटोरे की दाहिनी ओर, और दूसरा उसकी बांयीं ओर।

तब मैंने उस दूत से जो मुझसे बातें करता था पूछा, हे मेरे प्रभु- यह क्या है?

जो दूत मुझसे बातें करता था उसने मुझ को उत्तर दिया, क्या तू नहीं जानता है? मैंने कहा, हे मेरे प्रभु, मैं नहीं जानता कि यह क्या है।

तब उसने उत्तर देकर कहा, जरूब्बाबेल के लिए यहोवा का यह वचन है; न तो बल से, और न शक्ति से, परन्तु मेरे आत्मा के द्वारा होगा, मुझ सेनाओं के यहोवा का यही वचन है।"

यहाँ पर शुद्ध सोने का एक और चिरागदान है; यह उज्जवल रीति से जल रहा है, क्योंकि उसमें बहुत अधिक मात्रा में तेल है जो उसे उन दोनों जलपाई (जैतून) के वृक्षों से मिल रहा है जो उसके इधर उधर हैं। वे दो वृक्ष नये नियम और पुराने नियम को दर्शाते हैं, और तेल यकीनन पवित्र आत्मा को ही दर्शाता है। और केवल वही लोगों को परमेश्वर का उजियाला दे सकता है। वह दूत जो जर्कयाह से बोल रहा था वह यही कह रहा था, "जो तू देखता है उसका अर्थ यही है, कि कलीसिया अपने बल व शक्ति से कुछ भी नहीं पा सकती और उसे सारी सामर्थ पवित्र आत्मा के द्वारा ही प्राप्त होगी।"

अब आप इस चिरागदान पर गौर करें। आप ध्यान देंगे, कि इसका एक बड़ा

कटोरा या ग्राही है जो कि उन सात भुजाओं (नालियों) के बीच स्थित है जो उससे ही निकलती हैं। यह कटोरा जैतून के तेल से भरा हुआ है, जो उन सात बत्तियों से होकर बहता है जो उन सात नालियों में लगी हुई हैं। यह ठीक वही एक तेल है जो जलता है और सात नालियों के सिरों पर प्रकाश उत्पन्न करता है। यह प्रकाश कभी भी बुझता नहीं था। याजक तो बस उस कटोरे में तेल उंडेलते रहते थे।

चिरागदान को विशेष तरीके से जलाया जाता था। पहले याजक पवित्र वेदी से अग्नि को लेता था, जोकि मूल रूप से परमेश्वर की अग्नि से जलायी जाती थी। वह पहले कटोरे के ऊपर स्थित चिरागदान को जलाता था। पहले चिरागदान की लौ से वह दूसरे चिरागदान को जलाता था। तीसरा चिरागदान अपनी अग्नि को दूसरे चिरागदान से लेता था, जैसे कि चौथा अपनी अग्नि को तीसरे से लेता था, और ऐसा तब तक होता था जब तक कि सातों चिरागदान प्रज्वलित नहीं हो जाते थे। वेदी से पवित्र अग्नि का एक चिरागदान से दूसरे चिरागदान तक जाना सातों कलीसियायी कालों में पवित्र आत्मा की एक सुन्दर प्रतिछाया है। पिन्तेकुस्त पर वह मूल रूप से उड़ेला जाना (जो कि सीधा यीशू के पास से, जो कि करुणा के सिंहासन पर था,) हुआ था-वही कलीसिया को सातों युगों में सामर्थ प्रदान कर रहा है, और सिद्ध रूप से यह दिखा रहा है; कि यीशु मसीह कल, आज और युगानुयुग एक सा है, वह अपने मूल स्वभाव में और तौर-तरीकों में ना- बदलनेवाला परमेश्वर है।

यूहन्ना 15 में यीशु ने कहा था, "मैं दाखलता हूँ, और तुम डालियाँ हों।" वही वो मुख्य दाखलता है जो उस मूल बीज की मूल जड़ से निकलती है; जिसमें जीवन होता है। अब देखिए, दाखलता पर फल नहीं लगते हैं, यह तो डालियाँ ही होती हैं जिनपर फल लगते हैं। अब आप इस पर दृष्टि डालिए: आप सन्तरे जैसा रसदार फलवाला एक वृक्ष ले सकते हैं, और उसमें चकौत्तरे की शाखा, नीबू की शाखा, खट्टे की शाखा, और उस किस्म की ही और दूसरी विभिन्न शाखाओं की कलमें साट सकते हैं, और वे सभी शाखायें बढ़ेंगी। परन्तु वे सभी शाखायें जिनकी कलमें लगायी गयी थीं उन पर सन्तरे नहीं लगेंगे। जी नहीं, श्रीमान ! नीबू की डाली पर तो नीबू ही लगेंगे, और चकौत्तरे की डाली पर तो चकौत्तरें ही लगेंगे, और इसी प्रकार और दूसरी कलमों की डालियों पर उनके अपने ही फल लगेंगे। यधपि वे डालियाँ उसी वृक्ष से ही जीवन खींच रही होती हैं; लेकिन यदि उस पेड़ से कभी कोई अपनी डाली निकलती है, तो वह सन्तरे की ही डाली होगी और उस पर सन्तरे ही लगेंगे। क्यों? क्योंकि जो जीवन डाली में है, और जो जीवन तने में है वह बिलकुल एक सा ही है, जबकि ऐसी बात उन डालियों के विषय में नहीं है जिनकी कलमें साटीं गयीं थी। वे डालियाँ जिनकी कलमें साटी गयी थीं उनका जीवन दूसरे प्रकार के स्रोतों से; दूसरे वृक्षों से, दूसरी जड़ों से, दूसरे बीजों से आया हुआ होता है। ओह, वे अपने अपने फल तो बिलकुल ठीक ठीक ही उगायेंगे; परन्तु उनपर सन्तरे नहीं लगेंगे। उनपर सन्तरे उग ही नहीं सकते हैं, क्योंकि वे असली नहीं हैं।

यहाँ पर फिर से वही बात है। वह **सूर्य** अपनी पूरी सामर्थ में चमक रहा है। ओह, परमेश्वर के पुत्र की सामर्थ उन सात चिरागदानों के बीच चमक रही है। वहाँ वह महा न्यायाधीश खड़ा है जिसने हमारे लिए दुख उठाया, और हमारे लिए मृत्यु सही। उसने दिव्य न्याय की जलजलाहट को अपने ऊपर लिया। उसने अकेले ही परमेश्वर के क्रोध की जलजलाहट के रस कंड़ में दाख रौंदी है। जैसा कि हम पहले ही वर्णन कर चुके हैं, अब उसका शब्द पापियों के लिए अंधकार की भयानकता, या चट्टानी किनारों पर मृत्यु की लहरों से उठते झाग के समान डरावना है। परन्तु पवित्र लोगों के लिए उसका शब्द ऐसा है, जैसे मानो दर्रा मधुर कलकल छलछल का गायन कर रहा होता है; कि आप चैन से लेट जाते हैं, और मसीह में सन्तुष्ट होते हैं। वह हमारे ऊपर अपने प्रेम की गरमाहट से चमक रहा होता है; और कहता है, "मत डर, मैं वही हूँ जो था, जो है, जो आने वाला है; मैं ही सर्वशक्तिमान हूँ। मेरे अलावा और कोई दूसरा नहीं है। मैं ही अल्फा और ओमिगा हूँ, **सब** कुछ मैं ही हूँ।" वही घाटी का सोसन, भोर का चमकता तारा है। वह मेरे प्राण के लिए दस हजार से अधिक प्रिय है। जी हाँ, वह महान दिन बस निकलने ही वाला है, और धर्म का सूर्य अपने पंखों में अपनी किरणों में चंगाई लिये हुए उदय होगा।

विजयी मसीह

प्रकाशितवाक्य 1:17, 18,

"जब मैंने उसे देखा, तो मैं उसके पैरों पर मुर्दा सा गिर पड़ा और उस ने मुझ पर अपना दाहिना हाथ रखकर यह कहा, कि मत डर, मैं प्रथम और अन्तिम;

और जीवता हूँ। मैं मर गया था, और अब देख, मैं युगानुयुग जीवता हूँ, और मृत्यु और अधोलोक की कुंजियाँ मेरे ही पास हैं।"

कोई भी मनुष्य उस दर्शन के पूर्ण प्रभाव को सहन नहीं कर सकता। उसकी शक्ति पूरी तरह से क्षीण हो गयी; यूहन्ना उसके पैरों पर मुर्दा सा गिर पड़ा। परन्तु प्रभु के प्रेममयी हाथ ने उसे स्पर्श किया, और आशीष देने वाले शब्द ने कहा,"मत डर, भय न खा, मैं ही प्रथम और अन्तिम हूँ। मैं ही वह हूँ जो जीवता है; और मैं मर गया था और अब देख, मैं युगानुयुग जीवता हूँ।" डरने की बात ही क्या है? वह न्याय जो उस पर तब आन पड़ा था, जब वह क्रूस पर था, जब वह कब्र में था, और जब वह नीचे उतरा था; तो वह उसने हमारे लिये ही तो सहा था। उसने पाप के घाव की सम्पूर्ण घातकता स्वयं सहन कर ली है, और इसी कारण जो मसीह यीशु में हैं उनपर दंड की आज्ञा नहीं है। इसकी निश्चितता के लिए देखिएगा, हमारा वकील ही हमारा न्यायाधीश है। वह वकील और न्यायाधीश दोनों ही है। न्यायाधीश के रूप में वह हमारा मुकदमा निपटा चुका है। हमारा मुकदमा समाप्त

4 www.messagehub.info

कटोरा या ग्राही है जो कि उन सात भुजाओं (नालियों) के बीच स्थित है जो उससे ही निकलती हैं। यह कटोरा जैतून के तेल से भरा हुआ है, जो उन सात बत्तियों से होकर बहता है जो उन सात नालियों में लगी हुई हैं। यह ठीक वही एक तेल है जो जलता है और सात नालियों के सिरों पर प्रकाश उत्पन्न करता है। यह प्रकाश कभी भी बुझता नहीं था। याजक तो बस उस कटोरे में तेल उंडेलते रहते थे।

चिरागदान को विशेष तरीके से जलाया जाता था। पहले याजक पवित्र वेदी से अग्नि को लेता था, जोकि मूल रूप से परमेश्वर की अग्नि से जलायी जाती थी। वह पहले कटोरे के ऊपर स्थित चिरागदान को जलाता था। पहले चिरागदान की लौ से वह दूसरे चिरागदान को जलाता था। तीसरा चिरागदान अपनी अग्नि को दूसरे चिरागदान से लेता था, जैसे कि चौथा अपनी अग्नि को तीसरे से लेता था, और ऐसा तब तक होता था जब तक कि सातों चिरागदान प्रज्वलित नहीं हो जाते थे। वेदी से पवित्र अग्नि का एक चिरागदान से दूसरे चिरागदान तक जाना सातों कलीसियायी कालों में पवित्र आत्मा की एक सुन्दर प्रतिछाया है। पिन्तेकुस्त पर वह मूल रूप से उड़ेला जाना (जो कि सीधा यीशू के पास से, जो कि करुणा के सिंहासन पर था,) हुआ था-वही कलीसिया को सातों युगों में सामर्थ प्रदान कर रहा है, और सिद्ध रूप से यह दिखा रहा है; कि यीशु मसीह कल, आज और युगानुयुग एक सा है, वह अपने मूल स्वभाव में और तौर-तरीकों में ना- बदलनेवाला परमेश्वर है।

यूहन्ना 15 में यीशु ने कहा था, "मैं दाखलता हूँ, और तुम डालियाँ हों।" वही वो मुख्य दाखलता है जो उस मूल बीज की मूल जड़ से निकलती है; जिसमें जीवन होता है। अब देखिए, दाखलता पर फल नहीं लगते हैं, यह तो डालियाँ ही होती हैं जिनपर फल लगते हैं। अब आप इस पर दृष्टि डालिए: आप सन्तरे जैसा रसदार फलवाला एक वृक्ष ले सकते हैं, और उसमें चकौत्तरे की शाखा, नीबू की शाखा, खट्टे की शाखा, और उस किस्म की ही और दूसरी विभिन्न शाखाओं की कलमें साट सकते हैं, और वे सभी शाखायें बढ़ेंगी। परन्तु वे सभी शाखायें जिनकी कलमें लगायी गयी थीं उन पर सन्तरे नहीं लगेंगे। जी नहीं, श्रीमान ! नीबू की डाली पर तो नीबू ही लगेंगे, और चकौत्तरे की डाली पर तो चकौत्तरें ही लगेंगे, और इसी प्रकार और दूसरी कलमों की डालियों पर उनके अपने ही फल लगेंगे। यधपि वे डालियाँ उसी वृक्ष से ही जीवन खींच रही होती हैं; लेकिन यदि उस पेड़ से कभी कोई अपनी डाली निकलती है, तो वह सन्तरे की ही डाली होगी और उस पर सन्तरे ही लगेंगे। क्यों? क्योंकि जो जीवन डाली में है, और जो जीवन तने में है वह बिलकुल एक सा ही है, जबकि ऐसी बात उन डालियों के विषय में नहीं है जिनकी कलमें साटीं गयीं थी। वे डालियाँ जिनकी कलमें साटी गयी थीं उनका जीवन दूसरे प्रकार के स्रोतों से; दूसरे वृक्षों से, दूसरी जड़ों से, दूसरे बीजों से आया हुआ होता है। ओह, वे अपने अपने फल तो बिलकुल ठीक ठीक ही उगायेंगे; परन्तु उनपर सन्तरे नहीं लगेंगे। उनपर सन्तरे उग ही नहीं सकते हैं, क्योंकि वे असली नहीं हैं।

यीशु मसीह की सात गुना महिमा 21

यहाँ पर फिर से वही बात है। वह **सूर्य** अपनी पूरी सामर्थ में चमक रहा है। ओह, परमेश्वर के पुत्र की सामर्थ उन सात चिरागदानों के बीच चमक रही है। वहाँ वह महा न्यायाधीश खड़ा है जिसने हमारे लिए दुख उठाया, और हमारे लिए मृत्यु सही। उसने दिव्य न्याय की जलजलाहट को अपने ऊपर लिया। उसने अकेले ही परमेश्वर के क्रोध की जलजलाहट के रस कंड़ में दाख रौंदी है। जैसा कि हम पहले ही वर्णन कर चुके हैं, अब उसका शब्द पापियों के लिए अंधकार की भयानकता, या चट्टानी किनारों पर मृत्यु की लहरों से उठते झाग के समान डरावना है। परन्तु पवित्र लोगों के लिए उसका शब्द ऐसा है, जैसे मानो दर्रा मधुर कलकल छलछल का गायन कर रहा होता है; कि आप चैन से लेट जाते हैं, और मसीह में सन्तुष्ट होते हैं। वह हमारे ऊपर अपने प्रेम की गरमाहट से चमक रहा होता है; और कहता है, "मत डर, मैं वही हूँ जो था, जो है, जो आने वाला है; मैं ही सर्वशक्तिमान हूँ। मेरे अलावा और कोई दूसरा नहीं है। मैं ही अल्फा और ओमिगा हूँ, **सब** कुछ मैं ही हूँ।" वही घाटी का सोसन, भोर का चमकता तारा है। वह मेरे प्राण के लिए दस हजार से अधिक प्रिय है। जी हाँ, वह महान दिन बस निकलने ही वाला है, और धर्म का सूर्य अपने पंखों में अपनी किरणों में चंगाई लिये हुए उदय होगा।

विजयी मसीह

प्रकाशितवाक्य 1:17, 18,

"जब मैंने उसे देखा, तो मैं उसके पैरों पर मुर्दा सा गिर पड़ा और उस ने मुझ पर अपना दाहिना हाथ रखकर यह कहा, कि मत डर, मैं प्रथम और अन्तिम;

और जीवता हूँ। मैं मर गया था, और अब देख, मैं युगानुयुग जीवता हूँ, और मृत्यु और अधोलोक की कुंजियाँ मेरे ही पास हैं।"

कोई भी मनुष्य उस दर्शन के पूर्ण प्रभाव को सहन नहीं कर सकता। उसकी शक्ति पूरी तरह से क्षीण हो गयी; यूहन्ना उसके पैरों पर मुर्दा सा गिर पड़ा। परन्तु प्रभु के प्रेममयी हाथ ने उसे स्पर्श किया, और आशीष देने वाले शब्द ने कहा,"मत डर, भय न खा, मैं ही प्रथम और अन्तिम हूँ। मैं ही वह हूँ जो जीवता है; और मैं मर गया था और अब देख, मैं युगानुयुग जीवता हूँ।" डरने की बात ही क्या है? वह न्याय जो उस पर तब आन पड़ा था, जब वह क्रूस पर था, जब वह कब्र में था, और जब वह नीचे उतरा था; तो वह उसने हमारे लिये ही तो सहा था। उसने पाप के घाव की सम्पूर्ण घातकता स्वयं सहन कर ली है, और इसी कारण जो मसीह यीशु में हैं उनपर दंड की आज्ञा नहीं है। इसकी निश्चितता के लिए देखिएगा, हमारा वकील ही हमारा न्यायाधीश है। वह वकील और न्यायाधीश दोनों ही है। न्यायाधीश के रूप में वह हमारा मुकदमा निपटा चुका है। हमारा मुकदमा समाप्त

मनो को पितरों की ओर फेरेगा। ऐसा न हो कि मैं आकर समस्त पृथ्वी का नाश करूँ।"

इस्राएल अब एक देश बन चुका है। अब वह अपनी सेनाओं, जल सेना, डाक-तार व्यवस्था, ध्वज, तथा उन सब बातों के साथ स्थापित है। जो एक राष्ट्र होने के लिए आवश्यक होती हैं। परन्तु अभी भी वचन का यह लेख पूरा होना है जो यह कहता है, "... या, क्या देश एक ही दिन में उत्पन्न हो सकता है?" यशायाह 66:8 के अनुसार वह दिन शीघ्र ही आ रहा है। अंजीर के पेड़ पर कलियाँ लग चुकी हैं। इस्राएली लोग मसीहा की बाट जोह रहे हैं। वे उसकी आशा कर रहे हैं, और उनकी आशाएं पूरी होने को हैं। आत्मिक रूप से इस्राएल का फिर से जन्म होगा; क्योंकि उसका उजियाला और उसका जीवन उस पर प्रकट होने को हैं।

प्रकाशितवाक्य 21:23 में कहा गया है,

"और उस नगर में सूर्य और चाँद के उजाले का प्रयोजन नहीं, क्योंकि परमेश्वर के तेज से उस में उजाला हो रहा है; और मेमना उसका दीपक है।"

यह नया यरूशलेम है। मेमना उस नगर में होगा, और उसकी उपस्थिति के कारण ही उजियाले की आवश्यकता नहीं होगी। वहाँ पर सूर्य उगेगा नहीं; क्योंकि स्वयं मेमना ही उसका सूर्य और उजियाला है। वे जातियाँ जो उसके अन्दर आयेंगी, वे उसके उजियाले में ही चलेंगी। क्या आप आनन्दित नहीं हैं, कि वह दिन हमारे अति निकट है? यूहन्ना ने उस दिन को आते हुए देखा। हे प्रभु यीशु, शीघ्र आ!

मलाकी 4:1-3,

"क्योंकि देखो, वह धधकते भट्टे का सा दिन आता है जब सब अभिमानी और दुराचारी लोग अनाज की खूंटी बन जायेंगे और उस आने वाले दिन में वे ऐसे भस्म हो जायेंगे, कि उन का पता तक न रहेगा;(य़ह उनकी ना तो जड़ और ना ही शाखा छोड़ेगा।) सेनाओं के यहोवा का यही वचन है।

परन्तु तुम्हारे लिए, जो मेरे नाम का भय मानते हो, धर्म का सूर्य उदय होगा, और उसकी किरणों से तुम चंगें हो जाओगे, और तुम निकलकर पाले हुए बछड़े की नाई कूदोगे और फंदोगे।

तब तुम दुष्टों को लताड़ डालोगे अर्थात् मेरे उस ठहराये हुए दिन में वे तुम्हारे पांवों के नीचे की राख बन जायेंगे, सेनाओं के यहोवा का यही वचन है।"

ठीक इसी प्रकार से ही कलीसिया भी है। मूल दाखलता को चीरा-काटा जा चुका है और उसमें कलमें लगायीं जा चुकी हैं। उन्होंने उसमें बैपटिस्ट कलमें, मैथोडिस्ट कलमें, प्रेसबीटेरियन कलमें, और पिन्तेकास्तल कलमें साट डाली हैं। और उन कलमों की डालियों पर बैपटिस्ट, मैथोडिस्ट, पिन्तेकोस्तल, और प्रेसबीटेरियन फल ही लग रहे हैं। (वे अपने उन नामधारी कलीसियाओं के बीज के ही फल उत्पन्न करती हैं जिनसे वे निकलती हैं)। यदि दाखलता से कभी कोई अपनी और डाली निकलती है, तो वह उस दाखलता के बिलकुल ठीक जैसी ही होगी। यह बिलकुल ठीक वैसी ही डाली होगी जैसे पिन्तेकुस्त के दिन उगी थी। वह अन्यान्य भाषाओं में बोलेगी, भविष्यवाणी करेगी, और उसके अन्दर मरे हुओं में से जी उठे यीशु मसीह की सामर्थ और चिन्ह होंगे। क्यों? क्योंकि वह अपनी ताकत दाखलता के प्राकृतिक स्रोत से ही खींच रही है। आप देखते हैं, उसकी कलमें दाखलता में नहीं लगायी गयी थी, वह तो दाखलता में ही **जन्मी** थी। जबकि वे सभी दूसरी डालियाँ जिनकी कलमें उसमें साटी गयी थीं, वे तो यह सब ही कर सकती थीं कि वे अपने-अपने फल ही लगायें, क्योंकि वे उस दाखलता से जन्मी ही नहीं थीं। वे उस मूल जीवन और मूल फल के विषय में कुछ नहीं जानती हैं ; वे जान ही नहीं सकतीं, क्योंकि उन्होंने उसमें जन्म पाया ही नहीं। यदि वे उससे ही जन्मी होतीं, तो ठीक वही जीवन जो मूल तने (यीशु) में था, उनमें से होकर आया होता, और उनमें से होकर प्रकट हुआ होता। यूहन्ना 14:12,

"मैं तुम से सच सच कहता हूँ, वह जो मुझ पर विश्वास करता है ये काम जो मैं करता हूँ उन्हें वह भी करेगा, और वह उनसे भी बड़े बड़े काम करेगा, क्योंकि मैं अपने पिता के पास जाता हूँ।"

नामधारी कलीसियाएं जो कि मनुष्य के चलाये चलती हैं परमेश्वर से उत्पन्न हो ही नहीं सकती हैं, क्योंकि यह **कोई मनुष्य नहीं** है, वरन यह तो पवित्र आत्मा ही है जो जीवन देता है।

यह सोचना कितनी ही आवेशित कर देनेवाली बात है, कि सात चिरागदान अपना जीवन और उजियाला उस मुख्य कटोरे के स्रोतों से प्राप्त कर रहे हैं, क्योंकि उनकी बत्तियाँ उसके अन्दर ही डुबी हुई हैं। प्रत्येक कलीसियायी काल के सुसमाचार-दूत का यहाँ पर चित्रण किया गया है। उसका जीवन पवित्र आत्मा के द्वारा आग से प्रज्वलित रहता है। उसकी बत्ती (उसका जीवन) मसीह के अन्दर ही डुबी हुई होती है। उसी बत्ती के द्वारा ही वह मसीह के जीवन को खींच रहा होता है, और ऐसा करने के द्वारा वह कलीसिया को उजियाला देता है। वह किस प्रकार का उजियाला दे रहा होता है? बिलकुल ठीक वही उजियाला जो उस पहले चिरागदान में था जो जलाया गया था, और इसी प्रकार से ही दूसरे कलीसियायी काल से लेकर इस वर्तमान समय तक इस अन्तिम दिन का सुसमाचारदूत ठीक उस जीवन के द्वारा जो उसका मसीह के साथ परमेश्वर में छिपा हुआ है ठीक उसी

20 www.messagehub.info

मनो को पितरों की ओर फेरेगा। ऐसा न हो कि मैं आकर समस्त पृथ्वी का नाश करूँ।"

इस्राएल अब एक देश बन चुका है। अब वह अपनी सेनाओं, जल सेना, डाक-तार व्यवस्था, ध्वज, तथा उन सब बातों के साथ स्थापित है। जो एक राष्ट्र होने के लिए आवश्यक होती हैं। परन्तु अभी भी वचन का यह लेख पूरा होना है जो यह कहता है, "... या, क्या देश एक ही दिन में उत्पन्न हो सकता है?" यशायाह 66:8 के अनुसार वह दिन शीघ्र ही आ रहा है। अंजीर के पेड़ पर कलियाँ लग चुकी हैं। इस्राएली लोग मसीहा की बाट जोह रहे हैं। वे उसकी आशा कर रहे हैं, और उनकी आशाएं पूरी होने को हैं। आत्मिक रूप से इस्राएल का फिर से जन्म होगा; क्योंकि उसका उजियाला और उसका जीवन उस पर प्रकट होने को हैं।

प्रकाशितवाक्य 21:23 में कहा गया है,

"और उस नगर में सूर्य और चाँद के उजाले का प्रयोजन नहीं, क्योंकि परमेश्वर के तेज से उस में उजाला हो रहा है; और मेमना उसका दीपक है।"

यह नया यरूशलेम है। मेमना उस नगर में होगा, और उसकी उपस्थिति के कारण ही उजियाले की आवश्यकता नहीं होगी। वहाँ पर सूर्य उगेगा नहीं; क्योंकि स्वयं मेमना ही उसका सूर्य और उजियाला है। वे जातियाँ जो उसके अन्दर आयेंगी, वे उसके उजियाले में ही चलेंगी। क्या आप आनन्दित नहीं हैं, कि वह दिन हमारे अति निकट है? यूहन्ना ने उस दिन को आते हुए देखा। हे प्रभु यीशु, शीघ्र आ!

मलाकी 4:1-3,

"क्योंकि देखो, वह धधकते भट्टे का सा दिन आता है जब सब अभिमानी और दुराचारी लोग अनाज की खूंटी बन जायेंगे और उस आने वाले दिन में वे ऐसे भस्म हो जायेंगे, कि उन का पता तक न रहेगा;(य़ह उनकी ना तो जड़ और ना ही शाखा छोड़ेगा।) सेनाओं के यहोवा का यही वचन है।

परन्तु तुम्हारे लिए, जो मेरे नाम का भय मानते हो, धर्म का सूर्य उदय होगा, और उसकी किरणों से तुम चंगें हो जाओगे, और तुम निकलकर पाले हुए बछड़े की नाई कूदोगे और फंदोगे।

तब तुम दुष्टों को लताड़ डालोगे अर्थात् मेरे उस ठहराये हुए दिन में वे तुम्हारे पांवों के नीचे की राख बन जायेंगे, सेनाओं के यहोवा का यही वचन है।"

यीशु मसीह की सात गुना महिमा 5

ठीक इसी प्रकार से ही कलीसिया भी है। मूल दाखलता को चीरा-काटा जा चुका है और उसमें कलमें लगायीं जा चुकी हैं। उन्होंने उसमें बैपटिस्ट कलमें, मैथोडिस्ट कलमें, प्रेसबीटेरियन कलमें, और पिन्तेकास्तल कलमें साट डाली हैं। और उन कलमों की डालियों पर बैपटिस्ट, मैथोडिस्ट, पिन्तेकोस्तल, और प्रेसबीटेरियन फल ही लग रहे हैं। (वे अपने उन नामधारी कलीसियाओं के बीज के ही फल उत्पन्न करती हैं जिनसे वे निकलती हैं)। यदि दाखलता से कभी कोई अपनी और डाली निकलती है, तो वह उस दाखलता के बिलकुल ठीक जैसी ही होगी। यह बिलकुल ठीक वैसी ही डाली होगी जैसे पिन्तेकुस्त के दिन उगी थी। वह अन्यान्य भाषाओं में बोलेगी, भविष्यवाणी करेगी, और उसके अन्दर मरे हुओं में से जी उठे यीशु मसीह की सामर्थ और चिन्ह होंगे। क्यों? क्योंकि वह अपनी ताकत दाखलता के प्राकृतिक स्रोत से ही खींच रही है। आप देखते हैं, उसकी कलमें दाखलता में नहीं लगायी गयी थी, वह तो दाखलता में ही **जन्मी** थी। जबकि वे सभी दूसरी डालियाँ जिनकी कलमें उसमें साटी गयी थीं, वे तो यह सब ही कर सकती थीं कि वे अपने-अपने फल ही लगायें, क्योंकि वे उस दाखलता से जन्मी ही नहीं थीं। वे उस मूल जीवन और मूल फल के विषय में कुछ नहीं जानती हैं ; वे जान ही नहीं सकतीं, क्योंकि उन्होंने उसमें जन्म पाया ही नहीं। यदि वे उससे ही जन्मी होतीं, तो ठीक वही जीवन जो मूल तने (यीशु) में था, उनमें से होकर आया होता, और उनमें से होकर प्रकट हुआ होता। यूहन्ना 14:12,

"मैं तुम से सच सच कहता हूँ, वह जो मुझ पर विश्वास करता है ये काम जो मैं करता हूँ उन्हें वह भी करेगा, और वह उनसे भी बड़े बड़े काम करेगा, क्योंकि मैं अपने पिता के पास जाता हूँ।"

नामधारी कलीसियाएं जो कि मनुष्य के चलाये चलती हैं परमेश्वर से उत्पन्न हो ही नहीं सकती हैं, क्योंकि यह **कोई मनुष्य नहीं** है, वरन यह तो पवित्र आत्मा ही है जो जीवन देता है।

यह सोचना कितनी ही आवेशित कर देनेवाली बात है, कि सात चिरागदान अपना जीवन और उजियाला उस मुख्य कटोरे के स्रोतों से प्राप्त कर रहे हैं, क्योंकि उनकी बत्तियाँ उसके अन्दर ही डुबी हुई हैं। प्रत्येक कलीसियायी काल के सुसमाचार-दूत का यहाँ पर चित्रण किया गया है। उसका जीवन पवित्र आत्मा के द्वारा आग से प्रज्वलित रहता है। उसकी बत्ती (उसका जीवन) मसीह के अन्दर ही डुबी हुई होती है। उसी बत्ती के द्वारा ही वह मसीह के जीवन को खींच रहा होता है, और ऐसा करने के द्वारा वह कलीसिया को उजियाला देता है। वह किस प्रकार का उजियाला दे रहा होता है? बिलकुल ठीक वही उजियाला जो उस पहले चिरागदान में था जो जलाया गया था, और इसी प्रकार से ही दूसरे कलीसियायी काल से लेकर इस वर्तमान समय तक इस अन्तिम दिन का सुसमाचारदूत ठीक उस जीवन के द्वारा जो उसका मसीह के साथ परमेश्वर में छिपा हुआ है ठीक उसी

जीवन और ठीक उसी उजियाले को साक्षात प्रकट करता है।

इसी प्रकार हम ना केवल सुसमाचारदूतों के विषय में बोल सकते हैं; वरन यहाँ पर प्रत्येक विश्वासी का प्रभावशाली ढ़ंग से उल्लेखात्मक चित्रण किया गया है। वे सभी एक ही स्रोत से ही जीवन खींच रहे हैं। वे सभी एक ही कटोरे में डुबे हुए हैं। वे तो स्वयं अपने लिए मरे हुए हैं, और उनके जीवन मसीह के साथ परमेश्वर में छिपे हुए हैं। उनपर तो पवित्र आत्मा के द्वारा मोहर हो चुकी है। इफिसियों 4:30,

"और परमेश्वर के पवित्र आत्मा को शोकित मत करो जिससे तुम पर छुटकारे के दिन तक के लिए छाप की गयी है।"

कोई भी मनुष्य उन्हें उसके हाथ से छीन नहीं सकता है। उनके जीवनों से कोई रद्दोबदल (छेड़छाड़) नहीं की जा सकती है। दिखाई देनेवाला जीवन प्रज्वलित हो रहा होता है और प्रकाशमान हो रहा होता है; वह पवित्र आत्मा का उजियाला और प्रकटीकरण प्रकट कर रहा होता है। अन्दरूनी, अदृश्य जीवन परमेश्वर में छिपा हुआ होता है, और प्रभु के वचन पर निर्वाह कर रहा होता है। शैतान उन्हें छू भी नहीं सकता है। यहाँ तक कि मृत्यु भी उन्हें छू नहीं सकती है, क्योंकि मृत्यु तो अपना डंक खो चुकी है; मृत्यु अपनी जय खो चुकी है। परमेश्वर का धन्यवाद हो, उन्हें यह विजय प्रभु यीशु में और उसी के द्वारा ही मिल चुकी है। आमीन और आमीन!

न्यायाधीश

प्रकाशितवाक्य 1:13,

"और उन दीवटों के बीच में मनुष्य के पुत्र सरीखा एक पुरूष को देखा, जो पाँव तक वस्त्र पहने, और छाती पर सुनहला पटुका बाँधे हुए था।"

वहाँ पर वह खड़ा है, जो मनुष्य के पुत्र का सरीखा है। जिस प्रकार से हीरा अंगूटी में जड़ने पर चमक उठता है उसी प्रकार वह कलीसियाओं के मध्य महिमा से भरा खड़ा है। यह प्रभु का ही दिन है; क्योंकि यूहन्ना उसे याजक के रूप में नहीं, वरन उस न्यायाधीश के रूप में देखता है जो आनेवाला है। वह सुनहला पटुका जो याजक को अपनी कमर पर बाँधे हुए होना चाहिए था जबकि वह परम पवित्र स्थान में परमेश्वर की सेवा करता है, उसकी कमर पर बन्धा हुआ नहीं है; परन्तु अब यह है कि वह उसके कन्धों पर चारों ओर लिपटा हुआ है; क्योंकि अब वह याजक नहीं है वरन **न्यायाधीश** है। अब यूहन्ना 5:22 को पूरा होना होता है,

"और पिता किसी का न्याय नहीं करता, परन्तु न्याय करने का सब काम पुत्र को सौंप दिया गया है।"

यीशु ने पास आकर उन्हें छुआ, और कहा, उठो; डरो मत।

तब उन्होंने अपनी आँखें उठाकर यीशु को छोड़ और किसी को नहीं देखा।

जब वे पहाड़ से उतर रहे थे तब यीशु ने उन्हें यह आज्ञा दी; कि जब तक मनुष्य का पुत्र मरे हुओं में से न जी उठे तब तक जो कुछ तुम ने देखा है किसी से न कहना।

और उसके चेलों ने उस से पूछा, फिर शास्त्री क्यों कहते हैं; कि एलिय्याह का पहले आना अवश्य है?

उस ने उत्तर दिया, कि एलिय्याह तो आएगा, और सब कुछ सुधारेगा।

परन्तु मैं तुम से कहता हूँ कि एलिय्याह आ चुका; और उन्हों ने उसे नहीं पहचाना; परन्तु जैसा चाहा वैसा ही उसके साथ किया: इसी रीति से मनुष्य का पुत्र भी उनके हाथ से दुख उठाएगा।

तब चेलों ने समझा कि उस ने हम से यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के विषय में कहा है।"

अब मत्ती 17:1-13 से पहले मत्ती 16:28 में यीशु ने कहा था,

"मैं तुम से सच सच कहता हूँ, कि जो यहाँ खड़े हैं, उनमें से कितने ऐसे हैं; कि जब तक मनुष्य के पुत्र को उसके राज्य में आते हुए न देख लेंगे, तब तक मृत्यु का स्वाद कभी नहीं चखेंगे।"

और उन तीन प्रेरितों ने उसे बस...उसके दूसरे आगमन के क्रमवार को देखा था। वहाँ उन्होंने पहाड़ की चोटी पर उसका रूपान्तर होते हुए देखा था। उसका वस्त्र चमचमाता हुआ श्वेत था, और उसका मुख तेज चमकते सूर्य की नाई दमक रहा था। और जबकि वह ऐसा दिखाई दे रहा था, उसके दोनों ओर मूसा और एलिय्याह खड़े दिखाई दिये थे। बिलकुल ठीक यही है वह जिस प्रकार से वह फिर से आ रहा है। यह सच है, एलिय्याह पहले आयेगा और बालकों (दुल्हन) के मनों को पूर्वजों की ओर; प्रेरितों की वचन वाली शिक्षा की ही ओर फेरेगा। मलाकी 4:5,6,

"देखो, यहोवा के बड़े और भयानक दिन के आने से पहले मैं एलिय्याह नबी को तुम्हारे पास भेजूंगा,

और वह पितरों के मनों को बालकों की ओर और बालकों के

6 www.messagehub.info

जीवन और ठीक उसी उजियाले को साक्षात प्रकट करता है।

इसी प्रकार हम ना केवल सुसमाचारदूतों के विषय में बोल सकते हैं; वरन यहाँ पर प्रत्येक विश्वासी का प्रभावशाली ढ़ंग से उल्लेखात्मक चित्रण किया गया है। वे सभी एक ही स्रोत से ही जीवन खींच रहे हैं। वे सभी एक ही कटोरे में डुबे हुए हैं। वे तो स्वयं अपने लिए मरे हुए हैं, और उनके जीवन मसीह के साथ परमेश्वर में छिपे हुए हैं। उनपर तो पवित्र आत्मा के द्वारा मोहर हो चुकी है। इफिसियों 4:30,

"और परमेश्वर के पवित्र आत्मा को शोकित मत करो जिससे तुम पर छुटकारे के दिन तक के लिए छाप की गयी है।"

कोई भी मनुष्य उन्हें उसके हाथ से छीन नहीं सकता है। उनके जीवनों से कोई रद्दोबदल (छेड़छाड़) नहीं की जा सकती है। दिखाई देनेवाला जीवन प्रज्वलित हो रहा होता है और प्रकाशमान हो रहा होता है; वह पवित्र आत्मा का उजियाला और प्रकटीकरण प्रकट कर रहा होता है। अन्दरूनी, अदृश्य जीवन परमेश्वर में छिपा हुआ होता है, और प्रभु के वचन पर निर्वाह कर रहा होता है। शैतान उन्हें छू भी नहीं सकता है। यहाँ तक कि मृत्यु भी उन्हें छू नहीं सकती है, क्योंकि मृत्यु तो अपना डंक खो चुकी है; मृत्यु अपनी जय खो चुकी है। परमेश्वर का धन्यवाद हो, उन्हें यह विजय प्रभु यीशु में और उसी के द्वारा ही मिल चुकी है। आमीन और आमीन!

न्यायाधीश

प्रकाशितवाक्य 1:13,

"और उन दीवटों के बीच में मनुष्य के पुत्र सरीखा एक पुरूष को देखा, जो पाँव तक वस्त्र पहने, और छाती पर सुनहला पटुका बाँधे हुए था।"

वहाँ पर वह खड़ा है, जो मनुष्य के पुत्र का सरीखा है। जिस प्रकार से हीरा अंगूटी में जड़ने पर चमक उठता है उसी प्रकार वह कलीसियाओं के मध्य महिमा से भरा खड़ा है। यह प्रभु का ही दिन है; क्योंकि यूहन्ना उसे याजक के रूप में नहीं, वरन उस न्यायाधीश के रूप में देखता है जो आनेवाला है। वह सुनहला पटुका जो याजक को अपनी कमर पर बाँधे हुए होना चाहिए था जबकि वह परम पवित्र स्थान में परमेश्वर की सेवा करता है, उसकी कमर पर बन्धा हुआ नहीं है; परन्तु अब यह है कि वह उसके कन्धों पर चारों ओर लिपटा हुआ है; क्योंकि अब वह याजक नहीं है वरन **न्यायाधीश** है। अब यूहन्ना 5:22 को पूरा होना होता है,

"और पिता किसी का न्याय नहीं करता, परन्तु न्याय करने का सब काम पुत्र को सौंप दिया गया है।"

यीशु मसीह की सात गुना महिमा 19

यीशु ने पास आकर उन्हें छुआ, और कहा, उठो; डरो मत।

तब उन्होंने अपनी आँखें उठाकर यीशु को छोड़ और किसी को नहीं देखा।

जब वे पहाड़ से उतर रहे थे तब यीशु ने उन्हें यह आज्ञा दी; कि जब तक मनुष्य का पुत्र मरे हुओं में से न जी उठे तब तक जो कुछ तुम ने देखा है किसी से न कहना।

और उसके चेलों ने उस से पूछा, फिर शास्त्री क्यों कहते हैं; कि एलिय्याह का पहले आना अवश्य है?

उस ने उत्तर दिया, कि एलिय्याह तो आएगा, और सब कुछ सुधारेगा।

परन्तु मैं तुम से कहता हूँ कि एलिय्याह आ चुका; और उन्हों ने उसे नहीं पहचाना; परन्तु जैसा चाहा वैसा ही उसके साथ किया: इसी रीति से मनुष्य का पुत्र भी उनके हाथ से दुख उठाएगा।

तब चेलों ने समझा कि उस ने हम से यूहन्ना बपतिस्मा देनेवाले के विषय में कहा है।"

अब मत्ती 17:1-13 से पहले मत्ती 16:28 में यीशु ने कहा था,

"मैं तुम से सच सच कहता हूँ, कि जो यहाँ खड़े हैं, उनमें से कितने ऐसे हैं; कि जब तक मनुष्य के पुत्र को उसके राज्य में आते हुए न देख लेंगे, तब तक मृत्यु का स्वाद कभी नहीं चखेंगे।"

और उन तीन प्रेरितों ने उसे बस...उसके दूसरे आगमन के क्रमवार को देखा था। वहाँ उन्होंने पहाड़ की चोटी पर उसका रूपान्तर होते हुए देखा था। उसका वस्त्र चमचमाता हुआ श्वेत था, और उसका मुख तेज चमकते सूर्य की नाई दमक रहा था। और जबकि वह ऐसा दिखाई दे रहा था, उसके दोनों ओर मूसा और एलिय्याह खड़े दिखाई दिये थे। बिलकुल ठीक यही है वह जिस प्रकार से वह फिर से आ रहा है। यह सच है, एलिय्याह पहले आयेगा और बालकों (दुल्हन) के मनों को पूर्वजों की ओर; प्रेरितों की वचन वाली शिक्षा की ही ओर फेरेगा। मलाकी 4:5,6,

"देखो, यहोवा के बड़े और भयानक दिन के आने से पहले मैं एलिय्याह नबी को तुम्हारे पास भेजूंगा,

और वह पितरों के मनों को बालकों की ओर और बालकों के

यह एक ज्वाला के जैसे, यह वार पार करके छेदनेवाली तलवार के जैसे लोगों की अन्तरात्मा तक गया; और एक शल्य चिकित्सक की छूरी के जैसे ही इसने बीमारियों को काट कर बाहर निकाला, और बन्धकों को मुक्त किया। जहाँ कहीं भी वे आरम्भिक विश्वासी गये, वे सुसमाचार (वचन) का ही प्रचार करते चले गये; और परमेश्वर ने उस वचन की चिन्हों के द्वारा पुष्टि की। बीमार चंगे होते थे, दुष्टात्माएं बाहर निकलती थीं, और वे नई नई भाषाएं बोलते थे। यही तो था कि वचन क्रियाशील था। वह वचन विश्वास करने वाले मसीहियों के मुख से कभी भी खाली नहीं गया और इस अन्तिम काल में यह यहाँ पर वचन से निर्मित सच्ची दुल्हन में उतनी ही अधिक प्रबलता और महानता में है जितना यह पहले कभी नहीं था। हे छोटे झुण्ड, हे तुम जो संख्या में बहुत थोड़े हो, उस वचन पर ही अटल बने रहो, अपने मुख और हृदय को उससे भर डालो, और किसी दिन परमेश्वर तुम्हें राज्य देगा ।

7. उसका मुख सूर्य के समान था:

"और उसका मुख ऐसा प्रज्वलित था जैसा सूर्य कड़ी धूप के समय चमकता है।"

मत्ती 17:1-13,

"छः दिन बाद यीशु ने पतरस और याकूब और उसके भाई यूहन्ना को साथ लिया, और उन्हें एकान्त में किसी ऊंचे पहाड़ पर ले गया।

और उनके सामने उसका रूपान्तर हुआ, और उसका मुंह सूर्य की नाई चमका, और उसका वस्त्र ज्योति की नाई उजला हो गया।

और देखो, मूसा और एलिय्याह उसके साथ बातें करते हुए उन्हें दिखाई दिये।

इस पर पतरस ने यीशु से कहा, हे प्रभु, हमारा यहाँ रहना अच्छा है; यदि तेरी इच्छा हो तो हम यहाँ पर तीन मंडप बनायें; एक तेरे लिये, एक मूसा के लिये, और एक एलिय्याह के लिये।

वह बोल ही रहा था, कि देखो, एक उजले बादल ने उन्हें छा लिया, और देखो; उस बादल से यह शब्द निकला, कि यह मेरा प्रिय पुत्र है, जिस में मैं अति प्रसन्न हूँ: उसकी सुनो।

जब चेलों ने यह सुना, तो चेले मुंह के बल गिर गये, और अत्यन्त डर गये।

उसकी सेवा पूरी हो चुकी है। याजक वाला कार्य भार खत्म हो गया है। भविष्वाणी वाले दिन खत्म हो गये हैं। वह **न्यायधीश** वाले वस्त्र धारण किये हुए खड़ा है।

यीशु मसीह की सात गुना महिमा

प्रकाशितवाक्य 1: 14-16,

"उसके सिर और बाल श्वेत ऊन वरन पाले के से उज्जवल थे, और उसकी आँखें आग की ज्वाला की नाई थी,

और उसके पांव उत्तम पीतल के समान थे जो मानो भट्टी में तपाये गये हों: और उसका शब्द बहुत जल के शब्द की नाई था

और वह अपने दाहिने हाथ में सात तारे लिये हुए था और उसके मुख से चोखी दोधारी तलवार निकलती थी; और उसका मुँह ऐसे प्रज्वलित था जैसे सूर्य कड़ी धूप के समय चमकता है।"

उस यूहन्ना के लिए जिसे वचन के कारण काले-पानी का दण्ड भुगतना पड़ा, यीशु का दृष्टिगोचर होना कितना आत्माविभोर और उत्प्रेणा से भर देने वाला था, और देखो, **जीवित वचन** उसके सम्मुख खड़ा हुआ है। यह क्या ही ज्योतिमय दर्शन है, क्योंकि इसमें दिये गये प्रत्येक विवरणात्मक विशेषण का महत्व है। उसके महिमामय व्यक्तित्व का क्या ही प्रकाशन है।

1.उसके बाल पाले के से श्वेत

यूहन्ना सबसे पहले उसके बालों की सफेदी देखता है और उसका वर्णन करता है। वे सफेद थे और हिम की नाई उज्जवल थे। ऐसा उसकी उम्र के कारण नहीं था। ओह नहीं! एकदम सफेद बाल वृध्दावस्था को नहीं दर्शाते हैं, अपितु अनुभव, परिपक्वता, और समझ को ही दर्शाते हैं। वह जो अनन्त है उसकी कोई आयु नहीं होती है। परमेश्वर के लिए समय है ही क्या ? समय तो परमेश्वर के लिए बहुत ही छोटी बात है, लेकिन परमेश्वर के लिए समझ अधिक मायने रखती है। यह ऐसा ही है जैसे जब सुलैमान ने इस्राएल के लोगों का न्याय करने के लिए परमेश्वर से बुद्धि माँगी थी। अब वह समस्त पृथ्वी के न्यायाधीश के रूप में आ रहा है। उसे बुद्धि के ताज से सजाया जायेगा। यही है वह जो श्वेत और उज्जवल बाल दर्शाते हैं। आप ज़रा इसे दानिय्येल 7:9-14 में देखिएगा,

"मैंने देखते देखते अन्त में क्या देखा, कि सिंहासन रखे गये, और कोई अति प्राचीन विराजमान हुआ, उसका वस्त्र हिम सा उजला, और उसके बाल निर्मल ऊन के सरीखे थे; उसका

18 www.messagehub.info

